दिन– मंगलवार | दिनांक– 06 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए राज्य के छह जिलों– पटना, बेगूसराय, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार समेत देशभर के दो सौ चौवालीस जिलों में कल होगा नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन।

02. मॉक ड्रिल को लेकर कल शाम सात बजे से दस मिनट के लिए बिजली काट दी जाएगी। इस दौरान लोगों से किसी प्रकार की रौशनी का उपयोग नहीं करने की अपील।

03. पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बिहार में हाई अलर्ट जारी। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाई गई।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार की सुहानी कुमारी ने साइकलिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। तीरंदाजी के कम्पाउंड मिक्स में बिहार की टीम को मिला कांस्य पदक।

---

पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए कल देशभर में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने सुरक्षा ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठक की। गृह मंत्रालय ने देश के दो सौ चौवालीस वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली को परखना है।

———रिपोर्ट———

कल होने वाली इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी देने वाली प्रणालियों की प्रभावशीलता का आकलन किया जाएगा, वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो संचार लिंक का संचालन किया जाएगा। साथ ही नियंत्रण कक्षों की कार्यक्षमता का भी परीक्षण होगा। इसके अलावा अभ्यास में हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक सुरक्षा पहलुओं पर नागरिकों और छात्रों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। क्रैश ब्लैकआउट उपायों के प्रावधान के अलावा, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को छिपाने और निकासी योजना को अपडेट करने और उसका पूर्वाभ्यास करने का प्रावधान भी इस मॉक ड्रिल में शामिल है। देशभर में एनसीसी कैडेट भी कल होने वाले इस अभ्यास में भाग लेंगे। आकशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कहा की एनसीसी कैडेट आग लगने जनरल की स्थिति में बचाव कार्यों और आपात स्थिति में राहत से जुड़े मॉक ड्रिल में भाग लेंगे। देश के अन्य राज्यों में भी कल होने वाली ड्रिल से पहले आज तैयारियां की जा रही है। आनंद कुमार के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

बिहार के छह जिलों– पटना, बेगूसराय, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में कल शाम सात बजे से सात बजकर दस मिनट तक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बिजली काट दी जाएगी। इस अवधि में लोगों से किसी प्रकार की रौशनी का उपयोग नहीं करने की अपील की गई है। बिजली कटने से पहले शाम छह बजकर अट्ठावन मिनट पर सायरन बजाया जाएगा।

–––सायरन–––

मॉक ड्रिल के दौरान सड़कों पर चलने वाली गाड़ियों को भी वहीं रोक देने की अपील की गई है। इस अवधि में एम्बुलेंस और फायर बिग्रेड जैसी आवश्यक सेवाओं को छूट रहेगी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल एक सामान्य प्रक्रिया है और इससे लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान जहां कहीं भी कमी पायी जाएगी, उसमें सुधार किया जाएगा।

–––बाइट–––

---

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि कल होने वाला नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों के लिए देश के हर नागरिक को सक्षम बनाएगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस मॉक ड्रिल में सभी लोगों की भागीदारी की अपील की है।

–––बाइट–––

---

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई उच्च स्तरीय बैठकों की श्रृंखला में आज राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कल प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। इससे पहले वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने भी श्री मोदी के साथ एक बैठक की। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के साथ भी प्रधानमंत्री की अलग–अलग बैठकें हो चुकी है।

---

पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बिहार में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी पुलिस अधीक्षक और रेल एसपी को विशेष चौकसी बरतने के निर्देश दिये हैं। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष एहतियात बरतने और सघन चेकिंग अभियान चलाने को कहा गया है। इसके अलावा सभी प्रमुख रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और सार्वजनिक तथा संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एडीजी, विधि व्यवस्था पंकज दराद ने अफवाहों को लेकर सतर्कता बरतने और सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

---

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के आज तीसरे दिन बिहार की टीम ने दो पदक जीते। साइकलिंग प्रतियोगिता में सुहानी कुमारी को रजत पदक मिला है। वहीं, तीरंदाजी के कम्पाउंड मिक्स में बिहार की टीम ने कांस्य पदक जीता है। पदक तालिका में बिहार ग्यारहवें स्थान पर है। छह स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में राजस्थान पहले स्थान पर है। वहीं, चार स्वर्ण समेत ग्यारह पदकों के साथ कर्नाटक दूसरे स्थान पर है। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीसरे दिन आज फुटबाल, कबड्डी, तीरंदाजी, साइक्लिंग सहित विभिन्न स्पर्धाओं में कई रोचक मुकाबले देखने को मिले। फुटबाल में मेघालय ने अपने प्रतिद्वंद्वी को सांस लेने तक का मौका नहीं दिया। बरौनी रिफाइनरी मैदान में खेले गये मुकाबले में मेघालय ने एक के बाद एक दस गोल की झड़ी लगाते हुए चंडीगढ को दस – एक से हराया। आज सुबह बेगूसराय के यमुना भगत स्टेडियम में बालकों के मैच में ओडिशा ने पश्चिम बंगाल को दो शून्य से पराजित किया। कबड्डी के खेलों में बिहार को बालक और बालिका दोनों वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीरंदाजी के खेलों में महाराष्ट्र का प्रभुत्व आज भी कायम रहा। महाराष्ट्र की ओर से मिश्रित डबल्स में डी शिनाले और शरवरी शिंदे की जोड़ी ने रिकर्व में फाइनल में जगह पक्की की। सत्तर मीटर के सिंगल और मिक्स वर्ग के रिकर्व तीरंदाजी का फाइनल कल खेला जायेगा। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने आज पटना में प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंक–झोंक हुई। पुलिस ने अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज भी किया। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों का आरोप है कि हजारों फार्म बिना कारण बताए अस्वीकृत कर दिए गये। साथ ही अभी तक इस परीक्षा का पूरक परिणाम भी प्रकाशित नहीं किया गया।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा जिले के एकंगरसराय में सबसे अधिक एक सौ एक दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। भागलपुर और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

———बाइट———

इधर, बारिश के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। पटना में तीन और गया, अरवल तथा गोपालगंज जिले में एक–एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए सभी मृतकों के निकटतम परिजनों को तत्काल चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————————

आज जानकी नवमी है। माता जानकी के प्राकट्य दिवस के अवसर पर यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर माता सीता की जन्म स्थली सीतामढ़ी में आज से दो दिवसीय सीतामढ़ी महोत्सव की शुरूआत हुई। पटना में मैथिली महिला संघ द्वारा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकी नवमी पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

अरवल के पुलिस अधीक्षक डॉ. इमानुल हक मेंगनू के खिलाफ किशनगंज की एक अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। किशनगंज व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता छवि लाल सिंह ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक पर अभ्रद व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सीजीएम कोर्ट में एक वाद दायर किया था।

———————————————————————————

पटना के आईआईटी थाना क्षेत्र के दलेरगंज गांव में करंट लगने से एक महिला और दो भैंस की मौत हो गई।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जंक्शन से जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने एक ट्रेन से अठारह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। साथ ही पांच मानव तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

---

पटना के अगमकुंआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार कुख्यात अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

शेखपुरा की एक अदालत ने पुरैना गांव में तीन लोगों की हुई हत्या के मामले में ग्यारह आरोपियों को दोषी ठहराया है। सजा के बिंदु पर चौदह मई को सुनवाई होगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए राज्य के छह जिलों– पटना, बेगूसराय, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार समेत देशभर के दो सौ चौवालीस जिलों में कल होगा नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन।

02. मॉक ड्रिल को लेकर कल शाम सात बजे से दस मिनट के लिए बिजली काट दी जाएगी। इस दौरान लोगों से किसी प्रकार की रौशनी का उपयोग नहीं करने की अपील।

03. पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर बिहार में हाई अलर्ट जारी। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाई गई।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार की सुहानी कुमारी ने साइकलिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। तीरंदाजी के कम्पाउंड मिक्स में बिहार की टीम को मिला कांस्य पदक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।